Washington State Department of Health
Updated March 14, 2022 Hindi
DOH 820-131

कोविड-19 के दौरान मास्क संबंधी दिशा-निर्देश

14 मार्च, 2022 के बदलावों का सारांश

- स्वास्थ्य सचिव के मास्क आदेश (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) और गवर्नर की घोषणा (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) के आधार पर किए गए बदलाव

परिचय

जब आप मास्क पहनते हैं, तो अपने साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों को सुरक्षित रखने में भी सहायता करते हैं। इस महामारी से लड़ने में, हमने सीखा है कि कुछ समय और स्थानों पर मास्क पहनने से व्यक्ति-से-व्यक्ति में कोविड-19 के फैलाव को बहुत कम किया जा सकता है। इससे लोगों की जान बच सकती है और अर्थव्यवस्था को सुरक्षित और समझदारी से खुला रखने में मदद मिल सकती है। कई परतों में बचाव की रणनीतियाँ जैसे कि पूरा टीकाकरण कराना और मास्क पहनना, गंभीर बीमारी का खतरा और स्वास्थ्य तंत्र पर दबाव का खतरा कम कर सकता है, खास तौर पर जब संक्रमण का स्तर ज़्यादा हो।

Centers for Disease Control and Prevention (CDC, बीमारी रोकथाम व बचाव केंद्र) के अनुसार, कुछ मास्क और श्वसन उपकरण बाकियों की तुलना में ज़्यादा सुरक्षा प्रदान करते हैं। वहीं कुछ को सहन करना या लंबे समय के लिए पहनना बाकियों की तुलना में कठिन हो सकता है। अच्छी तरह फ़िट होने वाला मास्क पहनना या श्वसन उपकरण पहनना बहुत ज़रूरी है, जो आपके लिए आरामदायक हो और अच्छी सुरक्षा उपलब्ध कराए। मास्क और श्वसन उपकरणों के प्रकार के बारे में ज़्यादा जानकारी CDC के वेबपेज पर पाई जा सकती है।

शारीरिक, व्यावहारिक या चिकित्सीय परेशानियों से पीड़ित जो लोग मास्क नहीं पहन सकते, वे कपड़ा लगी फ़ेस शील्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर देखभाल केंद्र, डे कैंप और K-12 स्थानों में मौजूद बच्चे अच्छी तरह फ़िट होने वाला मास्क न पहन सकें, तो वे भी कपड़ा लगी फ़ेस शील्ड का प्रयोग कर सकते हैं। K-12 स्कूलों, चाइल्ड केयर, छोटे बच्चों के स्कूल, बाल विकास और डे कैंप कार्यक्रमों (हिंदी में) मास्क पहनने से जुड़ी जानकारी के बारे में Department of Health (DOH, स्वास्थ्य विभाग) के दिशा-निर्देश देखें। इसके साथ ही, ज़्यादा जानकारी के लिए CDC का खास समूह के लोगों के लिए निर्देश भाग देखें। DOH वाल्व या छेद वाले मास्कों या एक परत वाले बंडाना या गैटर के इस्तेमाल का सुझाव नहीं देता है।

कार्यस्थल में, कुछ खास तरह के मास्क या श्वसन उपकरण आवश्यक हो सकते हैं। Washington State Department of Health (DOH, वाशिंगटन राज्य स्वास्थ्य विभाग) और Washington State Department of Labor & Industries (L&I, वाशिंगटन राज्य श्रम और उद्योग विभाग) (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) द्वारा प्रकाशित दिशा-निर्देशों के अनुसार, साँस छोड़ने के लिए बने वाल्व वाले श्वसन उपकरणों को इस्तेमाल किया जा सकता है।

मास्क से जुड़े अक्सर पूछे जाने वाले सवालों की पूरी सूची के लिए कृपया DOH के मास्क से जुड़े वेबपेज (केवल अंग्रेज़ी में) पर जाएं।

वर्तमान जनादेश और स्वास्थ्य आदेश

वर्तमान सार्वजनिक आदेशों में लोगों के लिए जिन कुछ जगहों पर मास्क पहनना अनिवार्य किया है, उनमें ये शामिल हैं:

- अस्पताल या प्राथमिक उपचार केंद्र
- जेल और सुधार गृह (वयस्क कारागार और जेल)
- सार्वजनिक परिवहन (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में)

वाशिंगटन राज्य के Department of Health का आदेश

Secretary of Health Mask Order (स्वास्थ्य सचिव के मास्क के आदेश) (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) अनुसार, वैक्सीनेशन की स्थिति की परवाह किए बिना, वाशिंगटन के निवासियों को स्वास्थ्य देखभाल स्थानों और वयस्कों के कारागार और जेल में सीमित अपवादों और छूटों के साथ मास्क पहनना होगा। लोग व्यक्तिगत रूप से इन निर्देशों को पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं, हालांकि, व्यापारों के ऊपर जिम्मेदारी है कि वे इनका पालन अपने कर्मचारियों और ग्राहकों से भी करवायें। कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए नीचे दिए गए आदेशों को देखें।

फ़ैडरल आदेश

सार्वजनिक परिवहन से जुड़ी ज़रूरतें Centers for Disease Control and Prevention order (CDC, बीमारी रोकथाम व बचाव केंद्र के आदेश) (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) में देखी जा सकती हैं। इस आदेश के अनुसार, सभी सार्वजनिक परिवहन और परिवहन केंद्रों, जिसमें हवाई जहाज, जहाज, फेरी, ट्रेन, सबवे, बस, टैक्सी और शेयर की जाने वाली सवारी शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है, पर यात्रियों को मास्क पहनना होगा। सवारी चढ़ाते, उतारते और यात्रा के दौरान सार्वजनिक यातायात के संचालक सभी यात्रियों के लिए मास्क पहनना ज़रूरी बनाएं। CDC के कानूनी प्राधिकरणों के लिए बने वेबपेज (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) पर अधिक जानकारी पाई जा सकती है।

CDC के अनुसार, सार्वजनिक या निजी K-12 स्कूलों या छोटे बच्चों के स्कूलों और शिक्षा/बच्चों की देखभाल कार्यक्रमों की बसों या वैन में मास्क पहनना ज़रूरी नहीं है। स्कूल और छोटे बच्चों के स्कूलों और शिक्षा/बच्चों की देखभाल कार्यक्रम अपने स्तर पर लोगों को बसों या वैनों में मास्क पहनने के लिए कह सकते हैं। बस परिवहन के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया DOH द्वारा जारी K-12 स्कूलों, बच्चों की देखभाल की जगहों, छोटे बच्चों के स्कूल, बाल विकास और डे कैंप कार्यक्रमों में कोविड-19 फैलने से रोकने की ज़रूरतें और दिशा-निर्देश (हिंदी) देखें।

वाशिंगटन राज्य के गवर्नर की घोषणा

ग्राहकों और कर्मचारियों के प्रति व्यापारों की जिम्मेदारियों और अपेक्षाओं की जानकारी, गर्वनर की घोषणा 20-25.19 कोविड-19 वाशिंगटन रेडी (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) और घोषणा 21-08 - सुरक्षित कार्यकर्ता (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) में सूचीबद्ध है।

वाशिंगटन राज्य श्रम और उद्योग और गवर्नर की घोषणा

हालाँकि ऊपर दी गई गवर्नर की घोषणा में कार्यस्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य नहीं बताया गया है, निजी व्यापार चाहें तो श्रमिकों के लिए मास्क पहनना ज़रूरी कर सकते हैं। आप कमरे के नियमों का सम्मान करें।

इसके अलावा गवर्नर की सुरक्षित श्रमिक घोषणा (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) के अनुसार, जो कर्मचारी स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम में हैं या ऐसे लोगों के साथ रहते हैं जिन्हें कोविड-19 का गंभीर जोखिम हैं, उन्हें मास्क पहनना ज़रूरी है या वे ऐसा करना चुन सकते हैं; खुद को, अपने परिवार और समाज को बचाने के लिए कर्मचारियों को मास्क पहनने का अधिकार है। 2021 में विधानसभा ने सब्स्टिट्यूट सीनेट बिल 5254 पारित किया, जो किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान कर्मचारियों के मास्क पहनने के अधिकार की सुरक्षा करता है। अब इसे Revised Code of Washington (RCW, वाशिंगटन का संशोधित कानून) 49.17.485 (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) में भी दर्ज कर दिया गया है।

कार्यस्थलों के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया L&I के कोविड-19 की रोकथाम की ज़रूरतें और दिशा-निर्देश (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) और कोविड-19 में कर्मचारी के चेहरा ढकने और मास्क पहनने से जुड़े आम सवाल (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) देखें।

स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाएँ और अधिकारी

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के पास अपने अधिकार क्षेत्र में बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने और रोकने के लिए स्वास्थ्य आदेश देने का अधिकार है। यह आदेश राज्यव्यापी आदेशों से ज्यादा सख्त हो सकते हैं, लेकिन कम सख्त नहीं हो सकते। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) से संपर्क करें और उस क्षेत्र के लिए सभी स्वास्थ्य आदेशों का पालन करें।

सुझाव

यूँ तो ऊपर बताई गई जानकारी में खास स्थितियों में मास्क के इस्तेमाल की ज़रूरतें बताई गई हैं, लेकिन नीचे दी गई जानकारी आम सार्वजनिक स्वास्थ्य सुझावों के बारे में बताती है।

गैर-अस्पताल के भीड़ वाले स्थानों में मास्क से जुड़े सुझाव

नीचे दिए गए स्थानों में इमारत के भीतर जब भी संभव हो, मास्क लगाने का सुझाव दिया जाता है। कृपया नीचे दिए गए सेक्टर-विशिष्ट निर्देश देखें।

- बेघरों को सेवा देने वाली जगहें (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में)
- वाणिज्यिक समुद्री स्थान (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) (जैसे, वाणिज्यिक समुद्री भोजन वाले जहाज (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में), मालवाहक जहाज, क्रूज जहाज)
- भीड़-भाड़ वाले कार्य स्थान (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) जहाँ काम के स्वरूप के कारण शारीरिक दूरी रखना संभव नहीं है, जैसे कि गोदाम, कारखाने, फ़ूड पैकेजिंग और मांस प्रसंस्करण संस्थान
- एक ही जगह पर साझा रहने वाली जगहें (सोने के कमरों को छोड़कर), इनमें काम छोड़ने की जगहें, परिवर्तनकाल में रहने की जगह, किशोर सुधार गृह, या हिरासत केंद्र और अस्थाई श्रमिक आवास शामिल हैं
- इमारत के भीतर की जगहें जहाँ लोग कैद रहते हैं, इनमें वयस्कों के कारावास, वयस्कों की जेल, किशोर सुधार गृह और किशोर हिरासत केंद्र (जैसे कि कोर्ट के कमरे)।

जो लोग ऊपर बताई गई जगहों पर रहते हैं या काम करते हैं, उन्हें इन जगहों से बाहर जाने पर (जैसे समाज में लौटने पर) आम सार्वजनिक स्वास्थ्य सुझावों का पालन करना चाहिए। कुछ खास परिस्थियों में, जैसे कि ज़्यादा संक्रमण फैलने की स्थिति में सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी मास्क लगाना अनिवार्य कर सकते हैं।

जिन गैर-अस्पताल वाली जगहों पर लोग जमा होते हैं (जैसे व्यापार और संस्थाएँ), वे भी अपने परिसर में मास्क पहनना ज़रूरी बना सकते हैं। इन जगहों पर मास्क अनिवार्य करने या न करने का फैसला लेते समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए:

- जगह के भीतर लोग कितने जोखिम में हैं
  - जिन लोगों को कोविड-19 के पूरे टीके नहीं लगे हैं, उन्हें कोविड-19 की चपेट में आने और गंभीर बीमारी होने का खतरा ज़्यादा होता है
  - कुछ खास चिकित्सीय स्थितियों (अंग्रेज़ी में) वाले लोगों को गंभीर कोविड-19 होने का ज़्यादा खतरा होता है
- इमारत में वेंटीलेशन की गुणवत्ता - जिन इमारतों में हीटिंग, वेंटीलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम हैं और जिनमें नहीं हैं, उनमें वेंटीलेशन की जानकारी और वेंटीलेशन विकल्पों के बारे में जानने के लिए देखें कोविड-19 के संक्रमण का फैलाव घटाने के लिए वेंटीलेशन और हवा की गुणवत्ता (wa.gov) (सिर्फ अंग्रेज़ी में) और बिल्डिंगों में वेंटीलेशन | CDC (अंग्रेज़ी में)
- लोगों के इमारत में एक-दूसरे से दूर रहने की क्षमता
- इमारत में कोविड-19 के संदिग्ध या पक्के मामले - किसी गैर-अस्पताल के भीड़ वाले स्थानों में महामारी फैलने पर मास्क लगाने की सख्त सलाह दी जाती है
- जब समुदाय में संक्रमण का स्तर ज़्यादा हो, तो CDC और DOH की सलाह है कि लोगों को इमारतों के भीतर भी मास्क पहनना चाहिए, भले ही उन्हें टीके लगे हों या नहीं। CDC कोविड-19 के सामुदायिक स्तर (अंग्रेज़ी में) देखें

अगर लोग मास्क पहनना चाहते हैं, तो इन प्रतिष्ठानों को उन्हें रोकना नहीं चाहिए। लोगों को मास्क पहनने के सुझाव और जोखिम आधारित उपाय नीचे देखें।

व्यक्तिगत तौर पर मास्क के सुझाव

जिन लोगों में कोविड-19 के लक्षण हैं, उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है या वे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, उन्हें यदि आपका कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आता है, तो क्या करें (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में), यदि आप संभावित रूप से कोविड-19 से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, तो क्या करें (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) और कोविड-19 लक्षणों के फैसलों के ट्री के आधार पर मास्क पहनना चाहिए। अगर कोई ऐसी जगह मौजूद है वहाँ मास्क लगाना अनिवार्य है, तो उसे भी मास्क ज़रूर लगाना चाहिए। जानकारी पाने के लिए वर्तमान जनादेश और स्वास्थ्य आदेश सेक्शन देखें।

भले ही ऊपर दी गई परिस्थितियाँ लागू न होती हों, तब भी निजी या सामाजिक खतरे को ध्यान में रख कर लोग मास्क पहनना चुन सकते हैं। मास्क पहनने या न पहनने का फैसला लेते समय लोगों को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए:

- अपने टीकाकरण की स्थिति और परिवार, दोस्तों व आसपास के लोगों के टीकाकरण की स्थिति - जिन लोगों को कोविड-19 के पूरे टीके नहीं लगे हैं, उन्हें कोविड-19 की चपेट में आने और गंभीर बीमारी होने का खतरा ज़्यादा होता है
- अपनी चिकित्सीय स्थिति और परिवार, दोस्तों व आसपास के लोगों की चिकित्सीय स्थिति, जिससे गंभीर कोविड-19 का खतरा बढ़ता हो
- आप जिस जगह पर हैं उसके हालात (जैसे कि भीड़ है, वेंटीलेशन अच्छा नहीं है)

- जब समुदाय में संक्रमण का स्तर ज़्यादा हो, तो CDC और DOH की सलाह है कि लोगों को इमारतों के भीतर भी मास्क पहनना चाहिए, भले ही उन्हें टीके लगे हों या नहीं। CDC कोविड-19 के सामुदायिक स्तर देखें

कोविड-19 से जुड़ी अधिक जानकारी और संसाधन

वाशिंगटन में कोविड-19 की वर्तमान परिस्थिति (हिंदी में), गवर्नर Inslee की घोषणाएं (केवल अंग्रेज़ी में), लक्षण (केवल अंग्रेज़ी में), ये कैसे फैलता है (केवल अंग्रेज़ी में), और लोगों को कब और कैसे परीक्षण करवाना चाहिए (केवल अंग्रेज़ी में) के बारे में पूरी जानकारी रखें। अधिक जानकारी के लिए हमारे अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (केवल अंग्रेज़ी में) देखें।

किसी व्यक्ति की नस्ल/जातीयता या राष्ट्रीयता उनके लिए कोविड-19 का अधिक खतरा पैदा नहीं करती। हालांकि, डेटा से पता चलता है कि अश्वेत समुदायों को कोविड-19 से असमान रूप से प्रभावित किया जा रहा है- यह नस्लवाद के प्रभावों के कारण है, और विशेष रूप से, संरचनात्मक नस्लवाद, जो कुछ समूहों को अपनी और अपने समुदायों की रक्षा करने के कम अवसरों के साथ छोड़ देता है। अज्ञानता बीमारी से लड़ने में मदद नहीं करेगी (केवल अंग्रेज़ी)। अफवाहों और गलत सूचनाओं को फैलने से रोकने के लिए दूसरों के साथ सटीक जानकारी साझा करें।

- वाशिंगटन राज्य Department of Health 2019 नॉवल कोरोनावायरस की महामारी (कोविड-19) (हिंदी)
- वाशिंगटन राज्य की कोरोनावायरस पर प्रतिक्रिया (कोविड-19) (हिंदी)
- अपना स्थानीय स्वास्थ्य विभाग या जिला खोजें (केवल अंग्रेज़ी)
- CDC कोरोनावायरस (कोविड-19) (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में)
- एक एक्सेसीबल, बहरे-अनुकूल फेस मास्क कैसे बनाएँ (HSDC) (केवल अंग्रेज़ी में)

कोई और सवाल हैं? हमारी कोविड-19 सूचना हॉटलाइन पर कॉल करें: **1-800-525-0127**
सोमवार - सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक, मंगलवार से रविवार और सार्वजनिक राज्य अवकाश (केवल अंग्रेज़ी में), को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक। दुभाषिया सेवाओं के लिए, जब वे जवाब दें तो **# दबाएँ** और **अपनी भाषा बोलें।** अपने स्वास्थ्य, कोविड-19 टेस्ट, या टेस्ट परिणाम के बारे में सवालों के लिए, कृपया किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

इस दस्तावेज़ को किसी दूसरे फ़ॉर्मेट में प्राप्त करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल भेजें।

परिशिष्ट A: शब्दावली

स्वास्थ्य देखभाल स्थान

Secretary of Health's Mask Order (स्वास्थ्य सचिव के मास्क से जुड़े आदेश) (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) के अनुसार, अस्पताल और लंबी देखभाल की जगहें वे निजी या सरकारी जगहें हैं जिनका प्राथमिक उपयोग लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ देने के लिए होता है, कुछ अपवाद छोड़ कर। अगर किसी ऐसी जगह हैं जिसका प्राथमिक उपयोग लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ देने के लिए होता है, जैसे अस्पताल, तो पूरे परिसर को स्वास्थ्य सेवा स्थान या लंबी देखभाल का सेवा स्थान माना जाता है। ऐसे में, पूरे परिसर में चेहरे को ढक कर रखना अनिवार्य है, चेहरा ढकने के आदेश से जुड़े अपवाद और छूट लागू रहेगी। अगर किसी ऐसी जगह हैं जिसका प्राथमिक उपयोग कोई और है, जैसे राशन की दुकान के भीतर कोई फ़ार्मेसी या स्कूल के भीतर नर्स का कमरा, तो उसी क्षेत्र को स्वास्थ्य सेवा स्थान या लंबी देखभाल का सेवा स्थान माना जाता है, जिसका उपयोग लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ देने के लिए होता है। बाकी परिसर को इसमें शामिल नहीं किया जाता है। जिन जगहों का प्राथमिक उपयोग लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ देने के लिए होता है, वहाँ चेहरे को ढक कर रखना अनिवार्य है, चेहरा ढकने के आदेश से जुड़े अपवाद और छूट लागू रहेगी। जब तक कि नीचे छोड़ा न गया हो, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में वे लोग शामिल होते हैं जिनके पास स्वास्थ्य सेवा पेशेवर क्रेडेंशियल संबंधी ज़रूरतें (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) में बताए गए क्रेडेंशियल होते हैं। इस सूची में वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें कानून किसी क्रेडेंशियल के बिना भी स्वास्थ्य सेवाएँ देने की अनुमति देता है। **अस्पताल या उपचार की जगह के भीतर स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ ही, सभी कर्मचारियों और आने-जाने वालों को भी मास्क लगा कर रखना होगा।**

नीचे स्वास्थ्य सेवा स्थानों या लंबी देखभाल के सेवा स्थानों की गैर-विशिष्ट सूची दी गई है:

- विकट देखभाल की जगहें, जिनमें अस्पताल शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है;
- लंबे समय तक विकट देखभाल की जगहें;
- रोगी को भर्ती रखने वाली जगहें;
- भर्ती व्यावहारिक रोगियों की देखभाल की जगहें, इनमें जाँच और उपचार की जगहें, रख कर उपचार कराने वाली जगहें, सुरक्षित डीटॉक्स जगहें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं;
- रख कर लंबी देखभाल कराने वाली जगहें, इनमें नर्सिंग होम, सहायक युक्त रहने की जगहें, वयस्क फ़ैमिली होम, प्रमाणित सामुदायिक आवासीय सेवाएं और सहायता देने वाली जगहें और बेहतर सेवाओं वाली जगहें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं;
- मोबाइल क्लीनिक या अन्य वाहन जिनमें स्वास्थ्य सेवाएँ दी जाती हैं;
- बहिरंग रोगियों को सेवा देने वाली जगहें, इनमें डायलिसिस केंद्र, फ़िज़िशियन का ऑफ़िस और व्यावहारिक स्वास्थ्य सेवाएँ (जैसे मनोचिकित्सक का ऑफ़िस, मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार और ड्रग इस्तेमाल छुड़ाने वाले पेशेवर) देने वाली जगहें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं;
- दाँत और दाँतों के लिए खास देखभाल वाली जगहें;
- नज़र की जाँच और नेत्र विज्ञान केंद्र;
- फ़ार्मेसी (राशन दुकानों में मौजूद फ़ार्मेसी शामिल नहीं हैं);
- मसाज थैरेपी ऑफ़िस (इसमें गैर-स्वास्थ्य देखभाल की जगहों पर मसाज देने वाली जगहें शामिल हैं, जैसे स्पा और वेलनेस/फ़िटनेस सेंटर);
- कायरोप्रैक्टिक ऑफ़िस;
- दाई सेवा देने वाले और बच्चों का जन्म कराने वाले केंद्र;
- एकांतवास और/या क्वारंटीन परिसर;

- एंबुलेंस में सर्जरी वाली जगहें;
- आपात सेवा केंद्र;
- मरणासन्न लोगों की देखभाल के केंद्र; और
- वे जगहें जहाँ सेवा देने वाले पैसे लेकर घर पर स्वास्थ्य सेवाएँ, घर पर देखभाल, निजी देखभाल या मरणासन्न की देखभाल करते हैं।

स्वास्थ्य सेवा स्थानों या लंबी देखभाल के सेवा स्थानों में ये शामिल नहीं हैं:

- लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ देने के काम आने वाली जगहों, जैसे प्राथमिक उपचार की जगहें (जो स्वास्थ्य सेवा स्थान है) को छोड़ कर खेलकूद, प्रदर्शनी या अन्य आयोजनों वाली जगहें (इसमें क्रेडेंशियल प्राप्त प्रशिक्षक द्वारा खिलाड़ियों की देखभाल करना शामिल है);
- Department of Children, Youth & Families (DCYF, बाल, युवा और परिवार विभाग) द्वारा लाइसेंस प्राप्त अनाथालय, जो मुख्य रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं देते;
- शोध केंद्र, लोगों को जहाँ स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं दी जाती हैं;
- पशु चिकित्सा केंद्र;
- पशु नियंत्रण एजेंसी;
- गैर-लाभकारी मानवीय सोसाइटीज़; और
- गाँजे की खुदरा दुकानें, इनमें वे दुकानें भी शामिल हैं जहाँ चिकित्सकीय गाँजा सलाहकार सेवा देते हैं।

यदि कोई स्वास्थ्य सेवा परिसर के बाहर भी मास्क लगाना अनिवार्य करे, तो आपको उनके नियमों का पालन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए, ऊपर दी गई “कमरे के नियम” जानकारी देखें। विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए, स्वास्थ्य सेवा परिसरों में कोविड-19 संक्रमण का प्रसार रोकने का उपाय (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) के साथ ही स्रोत नियंत्रण मार्गदर्शन (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) और कुछ स्वास्थ्य सेवा परिसरों में आने-जाने के निर्देश पढ़ें।

कमरे का नियम

व्यवसायों, संगठनों, इमारतों और प्रतिष्ठानों को अपने प्रतिष्ठान या इमारत में मास्क लगाने के लिए अपने खुद के नियम निर्धारित करने का अधिकार है। व्यवसायों के लिए L&I के सभी निर्देशों (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) का पालन करना ज़रूरी है और वे स्वास्थ्य सचिव के मास्क संबंधी आदेश (सिर्फ़ अंग्रेज़ी में) से ज़्यादा सुरक्षित होने के लिए कुछ जगहों पर (जैसे बाहर) मास्क पहनना अनिवार्य कर सकते हैं।

स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी समुदाय में प्रसार को सीमित करने के लिए अधिक सुरक्षात्मक मास्क आदेश भी दे सकते हैं। ये नियम स्वास्थ्य सचिव के मास्क संबंधी आदेश (केवल अंग्रेज़ी में) से ज्यादा सुरक्षात्मक हो सकते हैं, लेकिन ये कम सुरक्षात्मक नहीं हो सकते हैं।

इसके अलावा, कुछ लोग मास्क पहनना जारी रखना चुन सकते हैं या उन्हें इसकी ज़रूरत हो सकती है। राज्य या स्थानीय स्तर पर मास्क पहनने का आदेश न होने पर भी उन्हें मास्क पहनने का अधिकार है। खुद को, अपने परिवार को और अपने समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए उनके मास्क पहनने के फैसले का सम्मान करें। ध्यान दें कि अगर आप मास्क पहनना चुनते हैं, तो आपको कुछ परिस्थितियों में कुछ समय के लिए मास्क हटाने के लिए कहा जा सकता है, जैसे की पहचान के सत्यापन के दौरान।